दैनिक जागरण
18-01-2025

एचआइवी, एड्स के प्रति किया जागरूक

जीएमएन कालेज के रेड रिबन क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी।

जासं ● अंबाला : स्वास्थ्य विभाग द्वारा होटल किंगफिशर अंबाला सिटी में आयोजित रेड रिबन क्लब कालेज प्रशिक्षण में जीएमएन कालेज अंबाला छावनी के चार छात्रों ने कालेज की दो प्राध्यापिकाओं डा. नियति एवं डा. सुमन सहित भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों को एचआइवी, एड्स, टीबी, एसआइटी, कुष्ठ रोग जैसी बीमारियों पर जागरूक किया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों में एचआइवी और एड्स (रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 2017 के साथ-साथ 100 डेज़ निक्षेप अभियान के तहत टीबी उन्मूलन की जागरूकता फैलाना था। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को जागरूक करने के लिए कई विशेषज्ञ मौजूद थे जिनमें से जिला नोडल अधिकारी एड्स डा. बीबी लाला, डा. पल्लवी, रमेश चंद, सुखजीत कौर मुख्य रहे। छात्रों ने संकल्प लिया कि वे कालेज स्तर पर और अपने आसपास के समाज में इन विषयों पर जागरूकता फैलाएंगे। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।